# पीओके के लोग पाकिस्तान के खिलाफ

- प्रदर्शनकारी बोले : हम भारत के साथ
- पीओके में पाकिस्तान सेना के खिलाफ जनआक्रोश

**नई दिल्ली, 16 जून. मंहगाई और गेंहू को लेकर पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में शुरू हुआ प्रदर्शन अब राजनीतिक हकों की ओर बढ़ चुका है. अभी तक पीओके के लोग बिजली और राशन के बिल से परेशान थे लेकिन बात अब यहां तक नहीं रही है. कश्मीरी अब पाकिस्तान के वहां से निकल जाने की चुनौती देने लगे हैं. लोगों ने पाकिस्तान सेना के दमन को सीधी जवाब देना शुरू कर दिया है.**

हाल ही में रावलकोट में सभा हुई है. जम्मू-कश्मीर जॉइंट अवामी एक्शन कमिटी और अवामी एक्शन कमिटी के नेताओं ने पाकिस्तानी सेना पर अब तक के सबसे कड़े हमले किए.

उन्होंने पाकिस्तान पर सप्लाई रोकने और संसाधनों का शोषण करने वाला बताया है. साथ आरोप हैं कि पाकिस्तान भारत के साथ आर्थिक लेन-देन को रोकता रहा है. रावलाकोट की सभा को संबोधित करते हुए जेएएसी नेता सरदार अमन ने पाकिस्तान की सैना पर पीओके के लोगों के लिए रोजमर्रा की चीजों की सप्लाई सीमित करने और आर्थिक दबाव बनाने का आरोप लगाया. अमन ने आरोप लगाया, पाकिस्तान की सेना हमारा राशन तक रोक रही है. उन्होंने दावा किया कि अधिकारी आर्थिक उपायों के जरिए विरोध आंदोलन को कमजोर करने की कोशिश कर रहे हैं.



> प्रदर्शनकारियों का कहना है कि पाकिस्तान आर्थिक और रोजमर्रा का सामान अगर नहीं पहुंचा पा रहा तो भारत के साथ वैकल्पिक व्यापार मार्ग खोले जाएं . अमन ने समर्थकों को संबोधित करते हुए उन्होंने घोषणा की कि सभी व्यापार मार्ग जल्द खुलेंगे या तो पाकिस्तान से या भारत से हों .जम्मू-कश्मीर और पीओके के बीच एलओसी पार व्यापार सालों से बंद है . इसी के कारण कश्मीर और पीओके की बीच किसी भी तरह का आर्थिक संपर्क बिलकुल खत्म हो चुका है . इसकी कारण पीओके के लोग आर्थिक रूप से अलगावा और व्यापारिक रूप से खुद को अलग-थलग पा रहे हैं .

## संगठित गिरोह का भंडाफोड़, 10 गिरफ्तार

**नई दिल्ली.** पूर्वी दिल्ली पुलिस ने संगठित साइबर अपराध के खिलाफ एक बड़ी कार्रवाई में म्यूल अकाउंट (फर्जी बैंक खातों) उपलब्ध कराने वाले एक संगठित गिरोह का भंडाफोड़ कर 10 लोगों को गिरफ्तार किया है. इन लोगों पर पूरे देश में सक्रिय साइबर अपराधियों को बैंक खाते उपलब्ध कराने का आरोप है. गिरफ्तार आरोपियों के नाम विजय कुमार, प्रदीप कुमार , यतेंद्र कुमार, मुकेश, विनेश, गुरबाज सिंह, अमन, सूरज यादव, गौरव नाहर और लक्ष्मण है. इस गिरोह पर ऑनलाइन धोखाधड़ी से प्राप्त धनराशि को प्राप्त करने और उसे विभिन्न खातों के माध्यम से आगे भेजने के लिए बैंक खातों का इस्तेमाल करने का आरोप है. कार्रवाई के दौरान पुलिस ने 11 पीओएस मशीनें, 12 मोबाइल फोन बरामद किए.

# होर्मुज से भारत के लिए राहत की खबर

- भारत के 34 शिप जल्दी होंगे रवाना

**नई दिल्ली, 16 जून. अमेरिका और ईरान के बीच हुए शांति समझौते के बाद भारत के लिए राहत भरी खबर सामने आई है. समझौते के तहत होर्मुज जलडमरूमध्य में वाणिज्यिक जहाजों की आवाजाही बहाल होने की उम्मीद बढ़ी है. इसी क्रम में भारत आने वाला एलएनजी टैंकर दिशा सुरक्षित रूप से होर्मुज जलडमरूमध्य पार कर चुका है, जबकि 34 अन्य भारतीय या भारत-गंतव्य जहाजों के भी जल्द इस रणनीतिक मार्ग से निकलने की संभावना जताई जा रही है.**

पश्चिम एशिया में लंबे समय से जारी तनाव के कारण कई जहाज फारस की खाड़ी क्षेत्र में फंसे हुए थे. अमेरिकी-ईरानी समझौते के बाद समुद्री व्यापार के सामान्य होने की उम्मीद जगी है और जहाजों की आवाजाही धीरे-धीरे शुरू हो रही है. एलएनजी पोत दिशा, जो कतर से गैस लेकर भारत आ रहा था, समझौते के बाद होर्मुज पार करने वाले शुरुआती जहाजों में शामिल रहा.



### करोड़ों किसानों और उपभोक्ताओं को मिलेगी राहत

होर्मुज में फंसे 34 जहाजों में से 16 जहाज ऐसे हैं, जो फर्टिलाइजर लेकर भारत आ रहे हैं . इन 16 जहाजों में से 8 पर यूरिया, चार पर डाइ-अमोनियम फॉस्फेट और तीन पर सल्फर और एक पर अमोनिया लदा है . अगर समझौते के तहत सबकुछ सही रहता है और होर्मुज खुलता है तो जल्द ही भारत के करोड़ों किसानों को खेती के लिए फर्टिलाइजर मिल सकते हैं . हालांकि अभी हालात सामान्य होने में वक्त लग सकता है .

# सर्वोच्च सम्मान से सम्मानित हुए पीएम मोदी

### 33 वां अंतरराष्ट्रीय नागरिक सम्मान पीएम मोदी को मिला

**ब्रातिस्लावा, 15 जून प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को स्लोवाकिया के सर्वोच्च नागरिक सम्मान 'ऑर्डर ऑफ द व्हाइट डबल क्रॉस (फर्स्ट क्लास)' से सम्मानित किया गया.**

फ्रांस और स्लोवाकिया की यात्रा पर गए प्रधानमंत्री मोदी को यह सम्मान दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत बनाने और वैश्विक स्तर पर उनके नेतृत्व की भूमिका के लिए प्रदान किया गया. इससे पहले नॉर्वे भी उन्हें अपने सर्वोच्च नागरिक सम्मान से सम्मानित कर चुका है. स्लोवाकिया द्वारा दिया गया यह सम्मान किसी विदेशी देश की ओर से प्रधानमंत्री मोदी को मिला 33वां अंतरराष्ट्रीय सम्मान बताया जा रहा है.



# हार पर ममता पहुंचीं हाईकोर्ट

**कोलकाता, 16 जून. तृणमूल कांग्रेस सुप्रीमो ममता बनर्जी ने कलकत्ता हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। उन्होंने भवानीपुर विधानसभा सीट के चुनाव नतीजों को कानूनी चुनौती दी है। इस सीट पर भाजपा नेता और पश्चिम बंगाल के वर्तमान मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी ने उन्हें शिकस्त दी थी। ममता बनर्जी ने इस चुनावी हार के खिलाफ हाईकोर्ट में एक चुनाव याचिका दायर की है।**

26 के विधानसभा चुनाव में ममता बनर्जी को अपने इस पुराने गढ़ में करारी हार का सामना करना पड़ा. पूर्व मुख्यमंत्री ममता को भाजपा के शुभेंदु अधिकारी ने 15,105 मतों के अंतर से पराजित किया. इस अप्रत्याशित हार ने राज्य के राजनीतिक समीकरणों को पूरी तरह बदल दिया है. नतीजे के बाद से ही टीएमसी खेमे में भारी असंतोष और बेचैनी देखी जा रही है.



शुभेंदु अधिकारी की जीत पर उठाए सवाल

## 16 वर्ष से कम उम्र के किशोरों के लिए सोशल मीडिया बैन

**लंदन.** ब्रिटेन में 16 वर्ष से कम उम्र के किशोर अगले साल वसंत के बाद टिकटॉक, यूट्यूब, इंस्टाग्राम और फेसबुक जैसे सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म का इस्तेमाल नहीं कर पायेंगे. प्रधानमंत्री कीर स्टारमर ने इसकी घोषणा करते हुए कहा कि इस कदम का उद्देश्य बच्चों को ऑनलाइन होने वाले नुकसानों से बचाना और मानसिक स्वास्थ्य एवं कल्याण में सुधार करना है. 18 वर्ष से कम उम्र के किशोरों के लिए लाइव-स्ट्रीमिंग और अजनबियों से संपर्क किये जाने जैसी उच्च जोखिम वाली ऑनलाइन सुविधाओं को भी कड़ाई से सीमित किया जायेगा.

# उद्धव गुट में टूट की अटकलें सांसद दिल्ली पहुंचे

- उद्धव के लिए बढ़ी मुश्किलें, सांसदों की हलचल तेज
- मातोश्री बैठक में कई सांसद गैरहाजिर, बढ़ा सस्पेंस

**मुंबई, 16 जून. महाराष्ट्र की राजनीति में उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली शिवसेना को लेकर एक बार फिर अटकलों का दौर तेज हो गया है। हाल के घटनाक्रमों ने पार्टी के भीतर संभावित असंतोष और टूट की चर्चाओं को हवा दी है.**

> उद्धव ठाकरे ने मुंबई स्थित अपने आवास 'मातोश्री' पर पार्टी के सभी लोकसभा सांसदों की एक अहम बैठक बुलाई थी. यह बैठक आगामी राजनीतिक रणनीति और संसद सत्र को लेकर चर्चा के लिए महत्वपूर्ण मानी जा रही थी. हालांकि, इस बैठक में सभी सांसदों की उपस्थिति नहीं दर्ज की गई, जिससे सियासी हलचल बढ़ गई. पार्टी के कुल 9 लोकसभा सांसदों में से केवल कुछ ही मौके पर मौजूद थे, जबकि अन्य के बारे में दावा किया गया कि वे वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए शामिल हुए .

# ईडी ने दिल्ली-मुंबई सहित 17 शहरों में कार्रवाई की

- यस बैंक मनी लॉन्ड्रिंग मामले की जांच

**नई दिल्ली, 16 जून. प्रवर्तन निदेशालय ने यस बैंक घोटाले और उससे जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में बड़ी कार्रवाई करते हुए दिल्ली, मुंबई और खंडाला सहित 17 स्थानों पर एक साथ छापा मारा है.**

अधिकारियों के अनुसार, यह छापेमारी सुरक्षा एसेट रिकंस्ट्रक्शन कंपनी लिमिटेड, सुरक्षा रियल्टी लिमिटेड, ख्याति रियल्टर्स प्राइवेट लिमिटेड के परिसरों के अलावा इनके प्रमोटरों, निदेशकों, कर्मचारियों तथा यस बैंक के एक पूर्व कर्मचारी के ठिकानों पर की गई. ईडी की जांच वित्त वर्ष 2016-17 से 2017-18 के दौरान मैकस्टार मार्केटिंग प्राइवेट लिमिटेड और अन्य कंपनियों के यस बैंक के ऋणों के कथित फर्जी हस्तांतरण से जुड़ी है. अधिकारियों के मुताबिक, तलाशी अभियान का उद्देश्य उन सबूतों को जुटाना है जो मनी लॉन्ड्रिंग और वित्तीय अनियमितताओं के आरोपों से जुड़े हैं.

> जांच एजेंसी को शक है कि कुछ एसेट रिकंस्ट्रक्शन कंपनियों और यस बैंक के बीच मिलीभगत कर सर्कुलर लेनदेन किए गए, जिनके जरिए संकटग्रस्त परिसंपत्तियों पर कथित रूप से अनुचित तरीके से नियंत्रण हासिल किया गया. ईडी यह भी जांच कर रही है कि नीलामी के दौरान परिसंपत्तियों का जानबूझकर कम मूल्यांकन किया गया या नहीं, साथ ही बढ़ा-चढ़ाकर और कथित रूप से फर्जी दावों के जरिए लाभ पाने की कोशिश की गई या नहीं. अधिकारियों का कहना है कि तलाशी के दौरान जब्त किए गए दस्तावेजों, डिजिटल रिकॉर्ड और वित्तीय लेनदेन के साक्ष्यों की जांच के बाद मामले में आगे की कार्रवाई की जाएगी.

# अपराध करने वालों के लिए कोई जगह नहीं

**सीवान, 16 जून. सम्राट चौधरी ने अपराध और कानून व्यवस्था के मुद्दे पर बड़ा बयान देते हुए कहा कि बिहार में अपराध करने वालों के लिए अब कोई जगह नहीं बची है.**

उन्होंने कहा कि एक ओर योगी आदित्यनाथ हैं और दूसरी ओर शुभेंदु अधिकारी, ऐसे में बिहार के अपराधियों के पास नेपाल भागने के अलावा कोई विकल्प नहीं बचेगा. सीवान में आयोजित एक जनसभा को संबोधित करते हुए सम्राट चौधरी ने कहा कि बिहार में अपराधियों के खिलाफ लगातार कार्रवाई की जा रही है.



> उन्होंने दावा किया कि बड़ी संख्या में अपराधी राज्य छोड़ चुके हैं और जो बचे हैं, उनके खिलाफ भी सख्त कार्रवाई जारी है . मुख्यमंत्री ने कहा कि जो भी पुलिस को चुनौती देगा, उसे जल्द जवाब मिलेगा . उन्होंने कहा कि बिहार में सुशासन और मजबूत कानून व्यवस्था सरकार की प्राथमिकता है .

## डीप-सी गैस पाइपलाइन पर वार्ता नहीं : केंद्र

**नई दिल्ली.** केंद्र सरकार ने उन मीडिया रिपोर्टों का खंडन किया है जिनमें दावा किया गया था कि भारत गुजरात को ओमान और अन्य खाड़ी देशों से जोड़ने वाली गहरे समुद्र की ऊर्जा पाइपलाइन परियोजना पर काम कर रहा है. पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने मंगलवार को जारी स्पष्टीकरण में कहा कि उसके संज्ञान में ऐसी कई मीडिया रिपोर्टें आई हैं, जिनमें दावा किया गया है कि भारत सरकार तथाकथित मिडिल ईस्ट-इंडिया डीपवॉटर पाइपलाइन परियोजना को आगे बढ़ा रही है, जो गुजरात को ओमान तथा अन्य खाड़ी देशों से जोड़ेगी.

# रांची के होटल में एनडीए विधायक

### 18 जून को होगी चुनावी रणनीति पर बैठक

### 24 विधायक हैं एनडीए के पास फिलहाल

**रांची, 16 जून. झारखंड में राज्यसभा चुनाव से पहले राजनीतिक गतिविधियां तेज हो गई हैं. राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन ने अपने विधायकों को रांची के एक होटल में ठहराने का फैसला किया है.**

गठबंधन के सूत्रों के अनुसार, यहां विधायकों के साथ चुनावी रणनीति को अंतिम रूप देने के लिए बैठक आयोजित की जाएगी.

बाबूलाल मरांडी ने भी इसकी पुष्टि करते हुए कहा कि एनडीए विधायक 18 जून को बैठक करेंगे. हालांकि उन्होंने इस पर स्पष्ट जवाब नहीं दिया कि विधायक मतदान तक होटल में ही रहेंगे या नहीं. इस बीच बाबूलाल मरांडी ने भाजपा समर्थित निर्दलीय उम्मीदवार परिमल नाथवानी की जीत को लेकर एक बार फिर भरोसा जताया है. हालांकि विधानसभा के मौजूदा आंकड़ों को देखते हुए उनकी राह आसान नहीं मानी जा रही है. राज्यसभा चुनाव में जीत के लिए 28 मतों की आवश्यकता है, जबकि एनडीए के पास फिलहाल 24 विधायक ही हैं.

> **रेडिसन ब्लू होटल में ठहराए गए परिमल नथवानी**
>
> क्रॉस वोटिंग की आशंका को देखते हुए राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन ने अपने विधायकों को रांची स्थित रैडिसन ब्लू होटल में ठहराया है . भाजपा समर्थित निर्दलीय उम्मीदवार परिमल नथवानी भी अन्य एनडीए विधायकों के साथ होटल में मौजूद हैं . राज्यसभा चुनाव में गठबंधन के सभी मत एकजुट रहें और किसी प्रकार की क्रॉस वोटिंग न हो, इसके लिए यह रणनीति अपनाई गई है . होटल में विधायकों के साथ चुनावी गणित और मतदान प्रक्रिया को लेकर भी चर्चा की जा रही है . एनडीए के पास विधानसभा में सीमित संख्या बल है, ऐसे में परिमल नथवानी की जीत के लिए प्रत्येक वोट महत्वपूर्ण माना जा रहा है .

## हस्तियों के ट्वीट

भारतीय रिजर्व बैंक ने सोशल मीडिया एक्स पर एक पोस्ट साझा करते हुए यंग प्रोफेशनल युवा आमंत्रित किया उन्होंने कहा कि आरबीआई अपने विभिन्न केंद्रीय कार्यालय विभागों में अलग-अलग कार्य क्षेत्रों के लिए यंग प्रोफेशनल के तौर पर काम करने के लिए योग्य उम्मीदवारों से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित करता है . इस पहल का मकसद युवा पेशेवरों को रिजर्व बैंक के कामकाज का व्यावहारिक अनुभव देना और उन्हें कम से कम समय से लेकर मध्यम अवधि तक की नीति-संबंधी परियोजनाओं से जुड़ने का अवसर प्रदान करना है .

महिंद्रा ग्रूप के चेयरमैन आनंद महिंद्रा ने सोशल मीडिया एक्स पर एक पोस्ट साझा करते हुए लिखा कि म्यूजिक में ऑनर्स एम फील डिग्री ली . सूफी गायकी में यूनिवर्सिटी लेवल पर म्यूजिक सिखाने में बिताए कई साल . इसमें पंजाबी लोक परंपराओं, सूफी फिलॉसफी, भारतीय शास्त्रीय संगीत, कविता और शायरी को भी जोड़ लें, तो आपको समझ आएगा कि सुफिसरताज कभी एक जगह क्यों नहीं रुके . वे सीखने और नई चीजें खोजने के सफर पर हमेशा चलते रहे हैं .



# योग भारत की सांस्कृतिक शक्ति : सैनी

**नई दिल्ली, 16 जून. मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने मंगलवार को हरियाणा विधानसभा परिसर में आयोजित योग कार्यक्रम में भाग लेकर योगाभ्यास किया. इस दौरान विधानसभा अध्यक्ष हरविंदर कल्याण, कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्याम सिंह राणा सहित कई विधायक भी उपस्थित रहे.**

योग सत्र में उपस्थित जनप्रतिनिधियों ने विभिन्न योगासन और प्राणायाम किए तथा नियमित योग को स्वस्थ जीवन के लिए आवश्यक बताया. मुख्यमंत्री ने कहा कि योग भारत की प्राचीन विरासत है, जो शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है.

विधानसभा परिसर में सैनी ने किया योग अभ्यास



### अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की तैयारियों पर भी चर्चा की

उन्होंने लोगों से योग को अपनी दैनिक दिनचर्या का हिस्सा बनाने का आह्वान किया . इस अवसर पर अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की तैयारियों पर भी चर्चा की गई . बताया गया कि 21 जून को पंचकूला में राज्य स्तरीय अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस समारोह का आयोजन किया जाएगा, जिसमें बड़ी संख्या में लोगों की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए व्यापक तैयारियां की जा रही हैं .

## आज का इतिहास

1397 : डेनमार्क, स्वीडन और नॉर्वे के बीच कलमार संघ की स्थापना हुई .

1674 : जीजाबाई का निधन . वह शाहजी भोंसले की पत्नी एवं छत्रपति शिवाजी की माता थीं .

1799 : नेपोलियन बोनापार्ट ने इटली के अधिकांश हिस्से को अपने साम्राज्य में शामिल किया .

1862 : भारत के पहले वाइसराय लॉर्ड कैनिंग का निधन .

1885 : फ्रांस द्वारा अमेरिका को तोहफे में दिया गया प्रसिद्ध स्टैचू ऑफ लिबर्टी न्यूयॉर्क पहुंचा .

1917 : महात्मा गांधी ने साबरमती आश्रम में हृदय कुंज को अपना आवास बनाया .

# व्यापारियों को धमकाया जा रहा

- पंजाब में ईडी की रेड पर आप का पलटवार

**चंडीगढ़, 16 जून. अरविंद केजरीवाल ने पंजाब में प्रवर्तन निदेशालय की कार्रवाई और राजनीतिक चंदे को लेकर केंद्र सरकार तथा भाजपा पर तीखा हमला बोला है. सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर साझा किए गए एक पोस्ट में उन्होंने आरोप लगाया कि पंजाब के व्यापारियों और उद्योगपतियों पर दबाव बनाकर चंदा वसूला जा रहा है.**

केजरीवाल ने दावा किया कि पंजाब में भाजपा को व्यापारियों और उद्योगपतियों से बड़ी राशि प्राप्त हुई, जबकि राज्य में आम आदमी पार्टी की सरकार होने के बावजूद उसे अपेक्षाकृत कम चंदा मिला. उन्होंने सवाल उठाते हुए कहा कि आखिर पंजाब में लोगों ने भाजपा को इतना अधिक चंदा क्यों दिया. उन्होंने आरोप लगाया कि यह स्वैच्छिक चंदा नहीं बल्कि दबाव में की गई वसूली हो सकती है. आप नेता ने यह भी आरोप लगाया कि कुछ व्यापारियों को कथित तौर पर धमकाया जा रहा है कि यदि उन्होंने चंदा नहीं दिया तो उनके यहां की कार्रवाई कराई जा सकती है. हालांकि इन आरोपों के समर्थन में उन्होंने कोई सार्वजनिक दस्तावेज या प्रमाण साझा नहीं किया.



## जागरुकता

### खेत बचाओ और स्वच्छता अभियान में आज सहभागिता करेंगे कृषि मंत्री

# कृषि नीतियों को बिहार के किसानों तक पहुंचाएं

**पटना, 16 जून. केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण तथा ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान 17 जून को पटना प्रवास पर रहेंगे, जहां उनके विभिन्न कार्यक्रम होंगे. सुबह स्वच्छता कार्यक्रम से शुरू होकर मुख्यमंत्री आवास पर बैठक, 'विकसित भारत संकल्प सम्मेलन' में भागीदारी और शाम को नौबतपुर में 'खेत बचाओ अभियान' के ज़रिए वे केंद्र की कृषि नीतियों को सीधे बिहार के किसानों तक पहुँचाएंगे.**

17 जून को सुबह पटना में केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान पहले स्वच्छता कार्यक्रम में शामिल होने के बाद बिहार के मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी से उनके आवास पर मुलाकात करेंगे, जहां कृषि, ग्रामीण विकास और केंद्र-राज्य समन्वय पर चर्चा की जाएगी. इसके बाद वे न्यू विधायक फ्लैट्स परिसर में वृक्षारोपण करेंगे और दरोगा राय पथ से अटल पथ गोलंबर तक 'प्रगति पथ यात्रा' में शामिल होंगे. शिवराज सिंह दोपहर में विद्यानपति भवन में आयोजित 'विकसित भारत संकल्प सम्मेलन' में हिस्सा लेते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पिछले 12 वर्षों की उपलब्धियों पर चर्चा करने के साथ ही किसानों की आय बढ़ाने, संतुलित उर्वरक उपयोग और आधुनिक खेती जैसे मुद्दों पर केंद्र सरकार की प्राथमिकताएं रखेंगे.

दोपहर बाद भाजपा कार्यालय के अटल सभागार में शिवराज सिंह चौहान प्रेस कॉन्फ्रेंस लेंगे, इसके बाद वे पटना के नौबतपुर गाँव में 'खेत बचाओ अभियान' में शामिल होकर रासायनिक खाद के अंधाधुंध प्रयोग को रोकने, मृदा परीक्षण, किसान क्रेडिट कार्ड और पीएम-किसान जैसी योजनाओं के लाभ सहित किसान हितैषी विषयों पर किसानों से संवाद करेंगे.




## मणिपुर में अलग-अलग अभियानों में सात उग्रवादी गिरफ्तार

**इम्फाल.** मणिपुर में सुरक्षा बलों ने पिछले दो दिनों में इम्फाल पश्चिम, इम्फाल पूर्वी और विष्णुपुर जिलों में चलाए गए अभियान के दौरान सात सक्रिय आतंकवादियों को गिरफ्तार किया. यह जानकारी पुलिस ने मंगलवार को दी. एक अभियान में, इम्फाल पश्चिम जिले में एक महिला उग्रवादी को उसके मौजूदा इलाके से गिरफ़्तार किया गया. एक अलग कार्रवाई में, इम्फाल पूर्वी जिले में एक और उग्रवादी को उसके घर से गिरफ्तार किया गया. सुरक्षा बलों ने इम्फाल पश्चिम जिले में दो उग्रवादियों को उनके घरों से गिरफ्तार किया. एक अन्य अभियान में इम्फाल पूर्व जिले में एक कथित जबरन वसूली करने वाले व्यक्ति को उसके घर से गिरफ्तार किया गया.

# जिम्मेदारी नहीं निभा रही है सरकार

### राहुल गांधी का जेन जी से आह्वान

### युवा को मेहनत का सही फल नहीं मिल रहा है

**नई दिल्ली, 16 जून. कांग्रेस नेता और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने जेन-जी और युवाओं को केंद्र में रखते हुए सरकार पर बड़ा राजनीतिक हमला बोला है. राजस्थान के कोटा में 17 जून को होने वाले छात्र सम्मेलन से पहले उन्होंने सोशल मीडिया और सार्वजनिक बयानों के जरिए केंद्र सरकार की नीतियों पर सवाल उठाए हैं.**

राहुल गांधी ने कहा कि आज देश के युवाओं को मेहनत का सही फल नहीं मिल रहा है, बल्कि उन्हें पेपर लीक, रद्द परीक्षाओं और अधूरी भर्ती प्रक्रियाओं जैसी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है. उन्होंने इसे केवल प्रशासनिक विफलता नहीं बल्कि करोड़ों युवाओं के सपनों पर चोट बताया. उन्होंने 'एक्स' पर लिखा कि सरकार की जिम्मेदारी है कि वह हर युवा के भविष्य को सुरक्षित करे, लेकिन मौजूदा व्यवस्था इस जिम्मेदारी को निभाने में असफल है. उन्होंने जेन-जी से अपील करते हुए कहा कि यदि सरकार उनकी बात नहीं सुनती, तो उन्हें अपनी आवाज और मजबूत करनी होगी. कोटा में होने वाला यह कार्यक्रम कांग्रेस के राष्ट्रव्यापी छात्र अभियान की शुरुआत माना जा रहा है.

> पार्टी के अनुसार, इस अभियान का उद्देश्य परीक्षा प्रणाली में कथित अनियमितताओं, बेरोजगारी और शिक्षा से जुड़े मुद्दों को उठाना है . इसके तहत देश के विभिन्न शहरों में छात्र सम्मेलन आयोजित किए जाएंगे, जिनमें प्रयागराज, पटना और दिल्ली शामिल हैं . राहुल गांधी ने अपने संदेश में यह भी कहा कि युवाओं की आवाज ही देश का भविष्य तय करती है और अब समय आ गया है कि छात्र अपने अधिकारों के लिए एकजुट हों . उन्होंने कहा कि यह आंदोलन किसी एक राजनीतिक दल के खिलाफ नहीं, बल्कि व्यवस्था में सुधार के लिए है .

